दिन–रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 19 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का पचासीवां सम्मेलन कल से। आज पटना में होगी देश के विभिन्न विधान मंडलों के सचिवों की इकसठवीं बैठक।

03. केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत राज्य में चालू वित्तीय वर्ष में सात लाख नब्बे हजार आवासों के निर्माण का दिया लक्ष्य।

04. और, प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम में उतार–चढ़ाव जारी। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की हो सकती है गिरावट।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अठारहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों में पैंसठ लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। प्रधानमंत्री ने इस कदम को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना लागू

होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में दो करोड़ पच्चीस लाख से अधिक संपत्तियों के दस्तावेज जारी किए जा चुके हैं।

———बाइट———

बीते 5 साल में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को यह स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं। इस कार्यक्रम में 65 लाख से ज्यादा परिवारों को यह स्वामित्व कार्ड मिले। यानी स्वामित्व योजना के तहत गांव के करीब सवाद दो करोड़ लोगों को अपने घर का पक्का कानूनी डॉक्यूमेंट मिला है।

प्रधानमंत्री ने कहा सरकार जमीनों के रिकॉर्डों का डिजिटलीकरण कर रही है और अब तक तेईस करोड़ भू—आधार नंबर जारी किए जा चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में दो करोड़ पचास लाख से अधिक परिवारों को बिजली कनेक्शन दिए गए हैं और उज्ज्वला योजना के माध्यम से दस करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन मिले हैं। स्वामित्व योजना, वर्ष दो हजार बीस में शुरू की गई थी और इसके लिए सभी संपत्तियों का अत्याधुनिक ड्रोन प्रौद्योगिकी के माध्यम से सर्वेक्षण किया गया था।

———————————————————————————

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का पचासीवां सम्मेलन कल से शुरू हो रहा है। राजधानी पटना में बीस और इक्कीस जनवरी को होने वाले इस सम्मेलन का उद्‌घाटन लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला करेंगे। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने बताया कि उदघाटन समारोह विधान मंडल के सेंट्रल हॉल में आयोजित होगा, जबकि पूर्ण सत्र विधानसभा के भीतर होगा, जिसकी अध्यक्षता लोक सभा अध्यक्ष करेंगे। सम्मेलन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद के सभापति शामिल होंगे। श्री यादव ने बताया कि दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने में संसद और राज्य विधायी निकायों के योगदान' विषय पर चर्चा और संवाद होगा।

———बाइट———

सम्मेलन के दौरान लोक सभा अध्यक्ष संसदीय पद्धति और प्रक्रिया के आठवें संस्करण का विमोचन भी करेंगे। वे विधान सभा परिसर डिजिटल विधायी प्रक्रिया से संबंधित नेवा सेवा केन्द्र का उद्‌घाटन भी करेंगे। दो दिवसीय अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन से पहले देश के विभिन्न विधानमंडलों के सचिवों की इकसठवीं

बैठक आज पटना में होगी। इसका उद्घाटन लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह करेंगे। इस दौरान विभिन्न विधान मंडल के सचिव विधायी निकायों की दक्षता, कार्य कुशलता और कार्य उत्पादकता के अनुप्रयोग पर विचार मंथन करेंगे।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत राज्य में चालू वित्तीय वर्ष में सात लाख नब्बे हजार आवासों के निर्माण का लक्ष्य रखा है। इस संबंध में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पांच लाख छियालीस हजार सात सौ पैंतालीस घरों के अतिरिक्त लक्ष्य को भी आवंटित कर दिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही गरीबों के आवास सपने को पूरा करने में इससे मदद मिलेगी।

———————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से.....

———म्यूजिक———

जल शक्ति मंत्रालय के नमामि गंगे मिशन ने प्रयागराज में महाकुंभ दो हजार पच्चीस में एक भव्य नमामि गंगे मंडप स्थापित किया है। यह मंडप गंगा नदी के संरक्षण और स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक अनूठा माध्यम बन गया है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, रचनात्मक प्रदर्शन और सूचनात्मक जागरूकता के साथ मंडप सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए एक आकर्षण बन गया है।

———रिपोर्ट——आनंद कुमार——  सें.

मंडप में आने वाले आगंतुक सबसे पहले संवादात्मक जैव विविधता तुरंत गुजरते हैं। जिसमें आधुनिक प्रक्षेपण तकनीक के माध्यम से पक्षियों की चहचहआहट और गंगा नदी के किनारे पाए जाने वाले जैव विविधता को प्रदर्शित किया गया है। यह न केवल पर्यावरण के सुंदरता को दर्शाती है बल्कि गंगा को स्वच्छ और जीवनदाई बनाए रखने के महत्व पर भी प्रकाश डालती है। मंडप में एक डिजिटल प्रदर्शनी भी है, जिसमें गंगा के संरक्षण और स्वच्छता के लिए विभिन्न प्रयासों को दर्शाया गया है। यह मंच नदियों के जलस्तर, स्वच्छता और प्रदूषण की स्थिति के बारे में जानकारी प्रदान करता है। प्रदर्शनी में नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा एक विशेष रीडिंग कार्नर भी है। जिसमें गंगा कुंभ मेले की गाथा, सामाजिक नीतियों और राष्ट्रीय गौरव से संबंधित पुस्तकों का संग्रह है। नमामि गंगे मिशन ने महाकुंभ में आने वाले सभी लोगों से अपील की है कि वह गंगा की स्वच्छता और संरक्षण के प्रति जागरूक बने। आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।

———————————————————————

राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम में उतार–चढ़ाव जारी है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य भागों में घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है। हालांकि सुबह से ही पटना और आस–पास के इलाकों में धूप खिली होने के कारण दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। जिससे लोगों को ठंड

से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

---बाईट---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। यहां का न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

राज्य में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत अगले वित्तीय वर्ष से जिला स्तर पर ही योग्य लाभुक का चयन किया जाएगा। उद्यमी योजना चयन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। जिला स्तर पर चयन प्रक्रिया के लिए उद्योग विभाग तकनीकी विकास निदेशक की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इस समिति को पंद्रह दिनों में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

---

पटना मेडिकल कॉलेज के पच्चीस फरवरी को होने वाले शताब्दी समारोह का उद्घाटन करने के लिए एक शिष्टमंडल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। शिष्टमंडल में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह–पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद, डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा, डॉ. अब्दुल हई और डॉ. विजय प्रकाश समेत समारोह के आयोजन से जुड़े पदाधिकारी शामिल थे। शिष्टमंडल ने राष्ट्रपति को जानकारी देते हुए कहा कि पटना मेडिकल कॉलेज देश का पांचवां सबसे पुराना मेडिकल कॉलेज है। स्थापना के समय बिहार और ओडिशा में यह एकमात्र मेडिकल कॉलेज था। उस समय बंगाल से अलग होने के बाद बिहार और उड़ीसा दोनों एक ही राज्य थे। यहां के कई चिकित्सक राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हो चुके है। इस शताब्दी समारोह में देश–विदेश के तीन हजार पूर्ववर्ती छात्र भी शामिल होंगे।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के राज्य में जातीय सर्वे के बयान पर प्रदेश एनडीए नेताओं ने कड़ी आलोचना की है। जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि वह खुद फर्जी हैं, इसलिए उन्हें हर चीज़ में

फर्जीवाड़ा नजर आता है। इधर, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रश्न करते हुए कहा कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में कब यह सर्वे कराएगी। उन्होंने कहा कि संविधान की दुहाई देने वाले स्वयं संविधान के लिए खतरा बन गए हैं।

रा———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने दो हजार पच्चीस–अट्ठाईस सत्र के लिए पार्टी के संगठनात्मक चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण यादव ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. रामचन्द्र पूर्वे को राष्ट्रीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और पार्टी प्रवक्ता चितरंजन गगन को सहायक राष्ट्रीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी का अगला राष्ट्रीय महाधिवेशन पटना में आयोजित होगा।

———————————————————————————

पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के रहिमापुर और उसके आस–पास के गांवों में पच्चीस से अधिक कौवों की मौत जांच शुरू कर दी गयी है। दूसरी तरफ पटना जिले के पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अरूण कुमार ने बताया कि मृत कौवों के सैंपल को जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण, ठंड या कीटनाशक दवाओं के प्रयोग से कौवे की मौत होने की आशंका है। इधर, बच्चों को इन मृत कौवों से दूर रखने की सलाह चिकित्सकों ने दी है।

———————————————————————————

नवादा जिले के सिरदला प्रखंड के अचंल निरीक्षक और एक राजस्व कर्मचारी की मौत सड़क हादसे में हो गयी।

———————————————————————————

पटना जिले के दीघा थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक दुकान में चोरी करने के आरोप में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने उत्तरी मधुबनी गांव के लोगों से नौकरी देने के नाम पर पैसा वसूल करने के आरोप में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने राजधानी पटना में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हवाले से लिखा है – बिहार में इंडिया करेगा भाजपा से मुकाबला।

**दैनिक जागरण** ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और बाद में उसकी हत्या के मामले में आरोपी के दोष सिद्ध होने को बड़ी खबर बनाया है – अखबार लिखता है – आर.जी.कर. अस्पताल में महिला डॉक्टर से दरिंदगी में संजय दोषी।

**दैनिक भास्कर** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेगूसराय जिले में प्रगति यात्रा के दौरान दिए गए बयान पर लिखा है – जीविका से महिलाओं का जीवन बदला।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का पचासीवां सम्मेलन कल से। आज पटना में होगी देश के विभिन्न विधान मंडलों के सचिवों की इकसठवीं बैठक।

03. केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत राज्य में चालू वित्तीय वर्ष में सात लाख नब्बे हजार आवासों के निर्माण का दिया लक्ष्य।

04. और, प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम में उतार–चढ़ाव जारी। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की हो सकती है गिरावट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।